Title: Requested to withdraw the entrance fee introduced by the Archaeological survey of India for the foreign tourists at the Buddhist pilgrim centres in the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 26 राट्रीय स्मारकों पर विदेशी पर्यटकों के लिए पांच डालर से दस डालर तक टिकट लगा दिया है। इसमें आठ स्मारक - नालन्दा, विक्रमशिला, वैशाली, सारनाथ, श्रावस्ती, सांची, अजन्ता और कुशीनगर, ये बौद्ध तीर्थ स्थल हैं। बौद्ध तीर्थ स्थलों पर नेपाल, श्रीलंका, म्यामांर, थाईलैंड, कम्बोडिया, भूटान, जापान और दक्षिणी कोरिया के बहुत उपासक आते हैं। जो और राट्रीय स्मारक हैं, वहां लोग सैर-सपाटे के लिए आते हैं लेकिन यहां लोग उपासना करने के लिए आते हैं, आस्था से आते हैं। इन बौद्ध तीर्थ स्थलों पर पांच डालर से दस डालर तक का जो टिकट लगा दिया गया है, इससे पूरे विश्व में और खास तौर से बौद्ध देशों में भारत की बदनामी हुई है। मेरा आपके मार्फत सरकार से विनम्र आग्रह है कि इन बौद्ध तीर्थ स्थलों पर जो पांच डालर से दस डालर तक का टिकट लगाया है, उसे अविलम्ब वापिस लिया जाए।